Adda247
GET IT ON Google Play

# उत्तर प्रदेश
## बी.एड. प्रवेश परीक्षा

# सॉल्वड पेपर 2018

## प्रथम प्रश्न-पत्र

### खण्ड अ सामान्य ज्ञान

1. 'उगते हुए सूरज' का देश किसे कहा जाता है?
   (a) म्यांमार
   (b) जापान
   (c) भारत
   (d) नॉर्वे

2. किस संविधान संशोधन के द्वारा मताधिकार की आयु को 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष कर दिया गया?
   (a) 55वाँ संशोधन अधिनियम, 1986
   (b) इनमें से कोई नहीं
   (c) 61वाँ संशोधन अधिनियम, 1989
   (d) 56वाँ संशोधन अधिनियम, 1987

3. विश्व शिक्षक दिवस मनाया जाता है
   (a) 5 अक्टूबर को
   (b) 5 दिसम्बर को
   (c) 5 अगस्त को
   (d) 5 सितम्बर को

4. किसके द्वारा खालसा पंथ की स्थापना की गई थी?
   (a) गुरु तेग बहादुर
   (b) गुरु गोविन्द सिंह
   (c) गुरु हरगोविन्द
   (d) गुरु नानकदेव

5. भाखड़ा नांगल परियोजना किस नदी पर स्थित है?
   (a) महानदी
   (b) सतलुज
   (c) कृष्णा
   (d) ताप्ती

6. सूर्य ग्रहण होता है, जब
   (a) सूर्य, पृथ्वी और चन्द्रमा के बीच आता है
   (b) इनमें से कोई नहीं
   (c) पृथ्वी, सूर्य और चन्द्रमा के बीच होती है
   (d) चन्द्रमा, सूर्य और पृथ्वी के बीच आता है

7. एन. सी. टी. ई. है
   (a) नेशनल कॉउन्सिल फॉर टीचर एजुकेशन
   (b) इनमें से कोई नहीं
   (c) नेशनल कमीशन फॉर टीचर एजुकेशन
   (d) नेशनल कॉउन्सिल ऑफ टीचर एजुकेशन

8. जैनवाद के अनुसार कितने तीर्थंकर हैं?
   (a) 24
   (b) 25
   (c) 20
   (d) 22

9. चूना-पत्थर परिष्कृतीकरण के बाद परिवर्तित होता है
   (a) मार्बल
   (b) क्वार्ट्जाइट
   (c) ग्रेनाइट
   (d) स्लेट

10. एक बैंक शेड्यूल्ड बैंक कहलाता है- यदि
    (a) यह एक नामीकरण है, जो कभी-कभी सरकारी एवं सहकारी बैंकों के लिए प्रयुक्त किया जाता है
    (b) इनमें से कोई नहीं
    (c) यह 1969 एवं उसके बाद घोषित राष्ट्रीयकृत बैंकों की सूची में है
    (d) यह आर.बी.आई. एक्ट, 1934 की द्वितीय अनुसूची में शामिल है

11. भारत का राष्ट्रपति राज्यसभा के लिए कितने सदस्य मनोनीत कर सकता है?
    (a) 12 सदस्य (b) 15 सदस्य (c) 06 सदस्य (d) 09 सदस्य

12. किस क्षेत्र में बुकर पुरस्कार जीता जाता है?
    (a) कथा साहित्य (फिक्शन राइटिंग)
    (b) साहसिक-कार्य (एडवेंचर)
    (c) विज्ञान (साइंस)
    (d) औषधि (मेडिसिन)

13. 'चौथा खम्भा' सम्प्रत्यय सन्दर्भित करता है
    (a) न्यायपालिका
    (b) प्रेस
    (c) विधायिका
    (d) कार्यपालिका

14. 'भारतीय नेपोलियन' किसे कहा जाता है?
    (a) सम्राट अशोक
    (b) चन्द्रगुप्त मौर्य
    (c) समुद्रगुप्त
    (d) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**70,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

Adda247
GET IT ON Google Play



**15.** शोभना ग्रह प्रवर्तक है
(a) बृहस्पति एवं बुध
(b) इनमें से कोई नहीं
(c) मंगल
(d) कुमारी

**16.** सौरमण्डल के किन ग्रहों को 'निकृष्ट ग्रहों' के रूप में जाना जाता है?
(a) मंगल एवं बुध
(b) बुध एवं शुक्र
(c) पृथ्वी एवं मंगल
(d) पृथ्वी एवं बुध

**17.** रेटिनॉल का सामान्य नाम है
(a) विटामिन C
(b) विटामिन D
(c) विटामिन A
(d) विटामिन E

**18.** पाक जलडमरूमध्य अलग करता है दो देशों को
(a) पाकिस्तान और श्रीलंका
(b) ब्रिटेन और फ्रांस
(c) भारत और पाकिस्तान
(d) भारत और श्रीलंका

**19.** संविधान के किस अनुच्छेद में निर्वाचन आयोग के विशेषाधिकार निहित हैं?
(a) 350
(b) 356
(c) 280
(d) 324

**20.** पोंगल त्योहार है
(a) तमिलनाडु का
(b) पश्चिम बंगाल का
(c) असम का
(d) केरल का

**21.** वर्ष 2014 में भारत का कौन-सा राज्य 29वाँ राज्य बना?
(a) तेलंगाना
(b) इनमें से कोई नहीं
(c) उत्तराखण्ड
(d) छत्तीसगढ़

**22.** जापान की संसद का नाम है
(a) शोरा
(b) मजलिस
(c) डायट
(d) नेसेट

**23.** ओमान की राजधानी कहाँ है?
(a) रियाद
(b) रामल्लाह
(c) आबू धाबी
(d) मस्कट

**24.** बिहु ........ का मुख्य त्योहार है।
(a) असम
(b) गुजरात
(c) ओडिशा
(d) पश्चिम बंगाल

**25.** भारत के संविधान के अनुच्छेद ........ में मौलिक कर्तव्यों का वर्णन है।
(a) 29
(b) 51A
(c) 12
(d) 15

**26.** विटामिन C की कमी से होने वाला रोग है
(a) पैलाग्रा
(b) बेरीबेरी
(c) ऑस्टियोमेलैसिया
(d) स्कर्वी

**27.** सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु संयुक्त राष्ट्र द्वारा कौन-सी अवधि निर्धारित की गई है?
(a) 2011-2025
(b) 2016-2030
(c) 2001-2015
(d) 2006-2020

**28.** कैलाश सत्यार्थी सम्बन्धित है
(a) निर्मल भारत अभियान से
(b) बचपन बचाओ आन्दोलन से
(c) नर्मदा बचाओ आन्दोलन से
(d) चिपको आन्दोलन से

**29.** किसने सन् 2016 में भारत का अन्तिम पृथक् रेलबजट पेश किया था?
(a) अरुण जेटली
(b) सुरेश प्रभु
(c) पीयूष गोयल
(d) मनोज सिन्हा

**30.** भारत का राष्ट्रपति बनने से पूर्व श्री रामनाथ कोविन्द ... के राज्यपाल थे।
(a) बिहार
(b) राजस्थान
(c) मध्य प्रदेश
(d) उत्तर प्रदेश

**31.** फ्रांसीसी क्रान्ति का मुख्य नारा क्या था?
(a) स्वतन्त्रता, अधिकार, कर्तव्य
(b) समता, समानता, ...
(c) स्वतन्त्रता, समानता, भ्रातृत्व
(d) स्वतन्त्रता, समानता, ...

**32.** निम्न में से किस खिलाड़ी ने रियो पैरालिम्पिक्स 2016 में ऊँची कूद में स्वर्ण पदक जीता था?
(a) शरद कुमार
(b) मुरलीकान्त पेटकर
(c) वरुण सिंह भाटी
(d) मरियप्पन थंगावेलु

**33.** न्यायमूर्ति दलवीर भण्डारी चर्चा में रहे, क्योंकि वह
(a) इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बने
(b) इनमें से कोई नहीं
(c) नेशनल जुडिशियल कमीशन के सदस्य बने
(d) इन्टरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस के लिए पुनर्निर्वाचित हुए

**34.** ........ को भारत में सर्वाधिक पुराना ग्रन्थ माना जाता है।
(a) न्याय
(b) रामायण
(c) गीता
(d) ऋग्वेद

**35.** किसी प्राणी की ज्ञानेन्द्रियाँ उसे सहायता प्रदान करती हैं
(a) श्वसन
(b) गतिशीलता में
(c) तीव्र वृद्धि में
(d) उद्दीपक के प्रति अनुक्रिया करने में

**36.** ........ को भारत में हरित क्रान्ति का जनक माना जाता है।
(a) डॉ. वर्गीज कुरियन
(b) इनमें से कोई नहीं
(c) एम. एस. स्वामीनाथन
(d) सी. डी. देशमुख

**37.** जस्टिन ट्रूडो, जिन्होंने फरवरी, 2018 में भारत की यात्रा की, प्रधान...
(a) कनाडा के
(b) स्पेन के
(c) इटली के
(d) फ्रांस के

**38.** निम्न में से कौन-सा नाटक विलियम शेक्सपीयर द्वारा नहीं लिखा ग...
(a) जूलियस सीजर
(b) हैमलेट
(c) आर्म्स एण्ड द मैन
(d) एज यू लाइक इट

**39.** राष्ट्रीय प्रतिरक्षा संस्थान स्थित है
(a) चेन्नई में
(b) मुम्बई में
(c) नई दिल्ली में
(d) बंगलुरु में

**40.** 2020 में ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों का आयोजन किस देश ... जायेगा?
(a) जापान में
(b) स्पेन में
(c) चीन में
(d) दक्षिण कोरिया में

**41.** कॉलम-I को कॉलम-II के साथ सुमेलित कीजिए।

| | कॉलम I (बीमारी) | | कॉलम II (कारण) |
|---|---|---|---|
| A | रिंगवर्म | 1 | प्रोटोजोआ |
| B | मलेरिया | 2 | बैक्टीरिया |
| C | कोलेरा | 3 | फंजाई |
| D | एनीमिया | 4 | लौह की कमी |

Adda247
GET IT ON Google Play



कूट

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | | 4 | 1 |

**42. निम्न में से कौन 'राज्य हड़प नीति' से सम्बन्धित है?**
(a) लॉर्ड रिपन
(b) लॉर्ड मिन्टो
(c) लॉर्ड कर्जन
(d) लॉर्ड डलहौजी

**43. निम्न में कौन सा इनपुट डिवाइस नहीं है?**
(a) कैमरा (b) प्रिन्टर (c) की-बोर्ड (d) माउस

**44. हिन्दी फीचर फिल्म 'पद्मावत' किस लेखक की रचना पर आधारित है?**
(a) अबुल फजल की
(b) रसखान की
(c) मलिक मुहम्मद जायसी की
(d) अमीर खुसरो की

**45. सोमनाथ मन्दिर पर आक्रमण किया था**
(a) मुहम्मद बिन कासिम ने
(b) इल्तुतमिश ने
(c) मोहम्मद गोरी ने
(d) महमूद गजनवी ने

**46. सांख्य दर्शन का प्रतिपादक किसे माना जाता है?**
(a) पतंजलि को
(b) वाल्मीकि को
(c) कपिल को
(d) गौतम को

**47. प्रसिद्ध पुस्तक 'पॉवर्टी एण्ड अनब्रिटिश रूल इन इण्डिया' के लेखक है**
(a) दादाभाई नौरोजी
(b) इनमें से कोई नहीं
(c) महात्मा गांधी
(d) गोपाल कृष्ण गोखले

**48. निम्न में से कौन प्रसिद्ध हिन्दी पत्रिका 'सरस्वती' के सम्पादक रहे है?**
(a) प. पूरणचन्द
(b) महावीरप्रसाद द्विवेदी
(c) राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिन्द'
(d) बालकृष्ण भट्ट

**49. 'मदर' पुस्तक किसने लिखी?**
(a) बेन जॉनसन ने
(b) ऑस्कर वाइल्ड ने
(c) टी.एस. इलियट ने
(d) मैक्सिम गार्की ने

**50. वस्तु एवं सेवा कर (GST) भारत में लागू किया**
(a) 01 जुलाई, 2017 से
(b) 01 सितम्बर, 2017 से
(c) 01 जनवरी, 2017 से
(d) 01 अप्रैल, 2017 से

## खण्ड ब भाषा (हिन्दी)

**51. 'शशक' का पर्यायवाची शब्द है**
(a) खरगोश
(b) चन्द्रमा
(c) शिशु
(d) मृग

**52. 'गंगा गए गंगादास, जमुना गए जमुनादास' लोकोक्ति का सही अर्थ है**
(a) अपने काम से काम रखना
(b) तीर्थ-यात्रा करना
(c) महान भक्त होना
(d) अवसरवादी होना

**53. 'सूर्य' का पर्याय नहीं है**
(a) भास्कर
(b) मयंक
(c) दिवाकर
(d) सविता

**54. 'प्रत्येक' का सन्धि-विच्छेद है**
(a) प्रति + एक
(b) प्रत्य + इक
(c) प्रत्य + एक
(d) प्रती + एक

**55. 'जो शास्त्र जानता है' वह कहलाता है**
(a) जानकार
(b) शास्त्रज्ञ
(c) विद्वान
(d) शास्त्र ज्ञाता

**56. पुराण में इक प्रत्यय संयुक्त होकर शब्द बनता है**
(a) पौराणिक
(b) पौराणीक
(c) पुराणिक
(d) पोराणिक

**57. हाथ से हथियाना**
**लात से लतियाना**
**संज्ञा से बनने वाली क्रिया को क्या कहते हैं?**
(a) प्रेरणार्थक क्रिया
(b) पूर्वकालिक क्रिया
(c) संयुक्त क्रिया
(d) नामधातु क्रिया

**58. 'मीठा' विशेषण से भाववाचक संज्ञा बनती है**
(a) मिठापा
(b) मीठास
(c) मिठाई
(d) मिठास

**59. 'कोई आया है' वाक्य में 'कोई' किस प्रकार का सर्वनाम है?**
(a) प्रश्नवाचक
(b) पुरुषवाचक
(c) निश्चयवाचक
(d) अनिश्चयवाचक

**60. निम्न में से तत्पुरुष समास कौन-सा है?**
(a) प्रतिदिन
(b) कोना-कोना
(c) पथभ्रष्ट
(d) मारपीट

**61. प्रार्थना पत्र के समापन में क्या लिखा जाता है?**
(a) भवदीय
(b) स्नेहाकांक्षी
(c) आपका विश्वासपात्र
(d) शुभचिन्तक

**62. भक्तिकालीन सन्त परम्परा के प्रसिद्ध कवि कौन थे?**
(a) जयशंकर प्रसाद
(b) मीरा
(c) बिहारी
(d) कबीर

**63. 'पावक' और 'अग्नि' शब्दों के मध्य क्या सम्बन्ध है?**
(a) अनेकार्थी (b) समनामी (c) पर्यायवाची (d) विलोम

**64. 'शोक' किस रस का स्थायी भाव है?**
(a) रौद्र (b) वात्सल्य (c) करुण (d) वीर

**65. 'वह विद्यार्थी नहीं आया।' वाक्य में 'वह' कौन-सा विशेषण है?**
(a) सार्वनामिक विशेषण
(b) परिमाणबोधक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण
(d) संख्यावाचक विशेषण

**66. 'अज्ञ' का विपरीतार्थक शब्द है**
(a) विज्ञ (b) अनज्ञ (c) सर्वज्ञ (d) सद्ज्ञ

**67. 'बहिरंग' का विलोम शब्द है**
(a) सौरंग (b) बहुरंग (c) सबरंग (d) अन्तरंग

**68. निम्नलिखित वाक्यों में से एक में अपादान कारक के विभक्ति चिह्न का प्रयोग हुआ है**
(a) मेज पर रखा हुआ गिलास का पानी बहुत शीतल था
(b) दुधवा पार्क में बहुत से दर्शनीय जीव निवास करते है
(c) पैरों से चलना यात्रा, समुदाय से चलना समाज तथा देश और काल से चलना इतिहास कहलाता है
(d) आकाश से गिरी एक बूंद कहीं मोती, कहीं विष तो कहीं कीचड़ बनी

**69. 'स्फूर्ति' शब्द का तद्भव रूप है**
(a) सुफीत
(b) सौफीति
(c) फुर्ती
(d) स्फीति

Adda247
GET IT ON Google Play



70. तुरंग शब्द का पर्यायवाची शब्द चुनिए
(a) गज
(b) वाजि
(c) कुरंग
(d) शार्दूल

71. निम्नांकित शब्दों में एक स्त्रीलिंग शब्द है
(a) रस्सा
(b) सूत
(c) धागा
(d) डोर

72. निम्नलिखित वाक्यों में एक में सकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है
(a) लड़की सिल रही है
(b) राम सो रहा है
(c) मैं चला
(d) वह नहाता है

73. हिन्दी दिवस मनाने की तिथि है
(a) 14 सितम्बर
(b) 26 जनवरी
(c) 14 अगस्त
(d) 14 नवम्बर

74. 'जैसा करोगे, वैसा भरोगे' -में कौन-सा सर्वनाम है?
(a) पुरुषवाचक सर्वनाम
(b) निजवाचक सर्वनाम
(c) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(d) सम्बन्धवाचक सर्वनाम

75. 'ह' के बारे में सही नहीं है
(a) तालव्य ध्वनि है
(b) कण्ठ्य ध्वनि है
(c) महाप्राण ध्वनि है
(d) अघोष ध्वनि है

76. 'भवानी' का पुल्लिंग है
(a) महादेव
(b) भवन
(c) देव
(d) भव

77. उत्पत्ति की दृष्टि से हिन्दी शब्द समूह को कितने वर्गों में बाँटा जाता है?
(a) 5
(b) 3
(c) 4
(d) 2

78. 'जो कठिनाई से प्राप्त किया जा सके' शब्द समूह के लिए एक शब्द है
(a) दुर्बोध
(b) दुर्गम
(c) दुर्लभ
(d) दुःसाध्य

79. "वे शब्द जो विभिन्न पदों, वाक्यों अथवा वाक्य खण्डों को जोड़ते हैं" कहलाते है
(a) सर्वनाम
(b) विस्मयादिबोधक
(c) समुच्चयबोधक
(d) सम्बन्धबोधक

80. किस वर्ग के व्यंजन अन्तःस्थ व्यंजन कहलाते है
(a) 'च' वर्ग
(b) 'ट' वर्ग
(c) 'क' वर्ग
(d) 'य' वर्ग

81. निम्नांकित में से कौन-सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है?
(a) अस्तित्व
(b) थकावट
(c) बेईमान
(d) हरियाली

82. निम्नांकित में से कौन-सा शब्द गुणवाचक विशेषण नहीं है?
(a) बहुत
(b) नरम
(c) ईमानदार
(d) सुगन्धित

83. निम्नांकित में से कौन-सा शब्द 'अग्नि' शब्द का पर्याय नहीं है?
(a) पावक
(b) वह्नि
(c) अनल
(d) अग्नि

84. 'सूत' शब्द का तत्सम शब्द है
(a) पीटना
(b) धागा
(c) सूत्र
(d) नीच

85. 'आध्यात्मिक' शब्द का विलोम है
(a) आत्मा से परे
(b) अनाध्यात्मिक
(c) आत्मिक
(d) भौतिक

86. रिक्त स्थान की पूर्ति करें-'कभी भी अपने मित्र की उन्नति पर ........ न करो।'
(a) वैराग्य
(b) अहंकार
(c) द्वेष
(d) ईर्ष्या

87. कौन-सा शब्द का शुद्ध रूप है?
(a) उज्ज्वल
(b) उजजवल
(c) उज्जवल
(d) उजज्वल

88. "जब मीरा पढ़ती है, तो मोहन सोता है" - रचना के आधार पर वाक्य का प्रकार बताइए।
(a) मिश्र वाक्य
(b) आज्ञावाचक वाक्य
(c) सरल वाक्य
(d) संयुक्त वाक्य

89. "सांझ होते ही पक्षी अपने-अपने नीर को लौट आते है।" वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर सही शब्द का प्रयोग कीजिए।
(a) जगह (b) गृह (c) नीड़ (d) स्थान

90. निम्नांकित में से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?
(a) विशिष्ट
(b) कृतज्ञ
(c) प्रतिज्ञा
(d) शुष्क

91. 'दुरुपयोग' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग है?
(a) दुरु
(b) दुरुप
(c) दुर्
(d) दु

92. 'धर्मावलम्बी' शब्द किस प्रकार निर्मित हुआ है?
(a) धर्म + अवलम्बी
(b) धर्मा + अव + लम्बी
(c) धर्म + अवलम्ब + ई
(d) धर्मा + वलम्बी

93. 'आन' प्रत्यय से बनने वाला शब्द कौन-सा है?
(a) लगान
(b) आना
(c) आन-बान
(d) आनन्द

94. 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' में लाठी और भैंस संज्ञाएँ है। शेष दोनों शब्द क्या है?
(a) क्रिया
(b) क्रियाविशेषण
(c) सर्वनाम
(d) विशेषण

95. 'लाल' से निर्मित होता है 'लाली' तो 'काला' से क्या होगा?
(a) कालिमा (b) कलूटा (c) काली (d) कालापन

96. 'रोना' का सकर्मक रूप क्या होगा?
(a) रुलाना
(b) कोई नहीं
(c) रोता
(d) रुला

97. 'आवाज उठाना' मुहावरे का अर्थ है
(a) क्रोध करना
(b) चीखना
(c) जोर से बोलना
(d) विरोध करना

98. षडानन शब्द का सन्धि-विच्छेद क्या होगा?
(a) षड + आनन
(b) षडा + नन
(c) षट् + आनन
(d) षट + आनन

99. गाकर, खाकर क्रियाओं को क्या कहते है?
(a) पूर्वकालिक क्रिया
(b) अकर्मक क्रिया
(c) सहायक क्रिया
(d) सकर्मक क्रिया

100. एक वाक्य अशुद्ध है, उसका चयन कीजिए।
(a) उसके अंग-अंग सजाए गए
(b) यह सब आपकी कृपा है
(c) उसने मुझे दिल्ली दिखाई
(d) वह बुद्धिमती स्त्री है

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

# द्वितीय प्रश्न-पत्र

## खण्ड अ तार्किक अभिरुचि

**1.** निम्न विकल्पों में से विषम को चुनिए।
(a) LEAN (b) LIEN (c) LINE (d) NILE

**2.** (m − n) में से (m + n) घटाने पर कितना होगा?
(a) − 2n (b) + 2n
(c) −2m (d) + 2m

**3.** निम्न में से बेमेल को पहचानिए।
**बोलना, सोना, चलना, खाना**
(a) चलना (b) बोलना (c) खाना (d) सोना

**4.** निम्न में से FIXING का दर्पण में प्रतिबिम्ब क्या होगा?
(a) GNIXIF (b) ƎИIXIF
(c) ꟻIXIИƎ (d) ƎИIXIꟻ

**5.** लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।

| | |
|---|---|
| 594 | 198 |
| ? | 66 |

(a) 11 (b) 12 (c) 33 (d) 22

**6.** निम्न में से सही विकल्प का चयन कीजिए।
**अखबार : प्रेस : : कपड़ा : ?**
(a) दर्जी (b) वस्त्र (c) तन्तु (d) मिल

**7.** निम्न में से विषम का चयन कीजिए।
**दही, मक्खन, तेल, पनीर, क्रीम**
(a) क्रीम (b) पनीर
(c) तेल (d) दही

**8.** ₹ 3,000 का 10% प्रतिशत की वार्षिक दर से 2 वर्ष का कुल चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा, यदि ब्याज वार्षिक रूप से जोड़ा जाए?
(a) ₹ 3,630 (b) ₹ 600
(c) ₹ 630 (d) ₹ 3,600

**9.** वैभव दो दिनों में 10 पूरी तथा सौरभ एक दिन में 20 पूरी खाता है। वैभव और सौरभ मिलकर, 250 पूरियाँ कितने दिनों में खाएँगे?
(a) 25 (b) 20
(c) 10 (d) 12

**10.** निम्न श्रृंखला में गलत पद को पहचानिए।
3, 10, 27, 4, 16, 64, 5, 25, 125
(a) 27 (b) 10
(c) 4 (d) 3

**11.** निम्न श्रृंखला को पूर्ण कीजिए।
2, 7, 16, ?, 46, 67, 92
(a) 32 (b) 29 (c) 31 (d) 25

**12.** नीचे दिए शब्दों को एक अर्थपूर्ण क्रम में रखिए तथा फिर नीचे दिए विकल्पों में से सही क्रम चुनिए।
1. **पुस्तक** 2. **चाबी**
3. **दरवाजा** 4. **ताला**
5. **कमरा**
(a) 5 1 2 4 3 (b) 1 5 3 4 2
(c) 2 4 3 5 1 (d) 4 2 3 5 1

**13.** एक कॉलेज में छात्रों की संख्या में हर साल वृद्धि हो रही है। दी गई सूचना के आधार पर कॉलेज में 2018 में छात्रों की संख्या ज्ञात कीजिए।

| वर्ष | 2013 | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| छात्रों की संख्या | 520 | 523 | 529 | 538 | 550 | ? |

(a) 15 (b) 565 (c) 569 (d) 575

**14.** एक महिला की ओर संकेत करते हुए अमित ने कहा, 'इनके पिता के एकमात्र पुत्र मेरे पिता हैं'। अमित उस महिला से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) पुत्र (b) भतीजा (c) पति (d) भाई

**15.** 73 + 75 + 78 + 57 + 197 को 34 से विभाजित करने पर शेष क्या बचेगा?
(a) 14 (b) 15 (c) 4 (d) 28

**16.** यदि TEACHER को VGCEJGT लिखा जाए तो CHILDREN कैसे लिखा जाएगा?
(a) EJKNEGTP (b) EGKNFITP
(c) EJKNFGTO (d) EJKNFTGP

**17.** निम्न श्रृंखला को पूर्ण कीजिए।
9, 25, 49, ?, 121
(a) 97 (b) 81 (c) 85 (d) 82

**18.** किसी कूट भाषा में 926 का अर्थ 'अपनी टाई क्लिप' है, 175 का अर्थ 'सुराख और बटन' है तथा 297 का अर्थ 'टाई क्लिप बटन' है, तो उस भाषा में बटन का अर्थ क्या होगा?
(a) 7 (b) 6 (c) 2 (d) 9

**19.** A, B और C की औसत आयु 18 वर्ष है। यदि B दो वर्ष A से बड़ा है और C से पाँच वर्ष छोटा है, तो C की क्या आयु है?
(a) 22 वर्ष (b) 23 वर्ष (c) 24 वर्ष (d) 25 वर्ष

**20.** यदि 1, फरवरी 1900 को सोमवार था, तो 1, मार्च 1901 को कौन-सा दिन था?
(a) रविवार (b) सोमवार (c) मंगलवार (d) शुक्रवार

**21.** यदि शहर को गाँव कहा जाए, गाँव को जंगल, जंगल को सोफा, सोफा को फ्रिज और फ्रिज को कमरा कहा जाए तो हिरन कहाँ रहता है?
(a) गाँव (b) सोफा (c) फ्रिज (d) कमरा

**22.** प्रश्नवाचक चिह्न (?) के लिए विकल्प चुनिए।
144 : 13 : : 36 : ?
(a) 1 (b) 2 (c) 6 (d) 7

**23.** उस आकृति को चुनिए जो प्रश्न में दिए गए वर्गों को अच्छी तरह दर्शाती हो।
शिक्षक, अनुसंधानकर्ता, वैज्ञानिक



(a) (b) (c) (d)

**24.** यदि किसी माह का 22वाँ दिन रविवार था तो उस माह का 13वाँ दिन कौन-सा था?
(a) बृहस्पतिवार (b) शुक्रवार
(c) शनिवार (d) रविवार

Adda247
GET IT ON Google Play



**25.** लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए



(a) 36 (b) [illegible] (c) [illegible] (d) 42

**26.** X, Y और Z तीनों मित्र है, जिसमें X उम्र में सबसे बड़ा है उससे छोटा Y है और उससे छोटा Z है। X, Y से दो वर्ष और Z से पाँच वर्ष बड़ा है। वर्तमान में X और Z की उम्र का योग, Y की 5 वर्ष पूर्व आयु के तीन गुने के बराबर है। वर्तमान में Y की उम्र क्या है?

(a) 14 वर्ष (b) 12 वर्ष
(c) 16 वर्ष (d) 18 वर्ष

**27.** नीचे पासे की तीन स्थितियाँ दर्शाई गई है। F अक्षर लिखे हुए पृष्ठ के विपरीत पृष्ठ पर कौन-सा अक्षर लिखा होगा?




(a) B (b) A (c) E (d) C

**28.** निम्न वेन चित्रों में से किस चित्र द्वारा सीमेन्ट, घर तथा सेतु के सही सम्बन्ध को चित्रित किया गया है?



(a) (b) (c) (d)

**29.** निम्नलिखित में लुप्त पद ज्ञात कीजिए।
30, 100, 180, 270, ?

(a) 370 (b) 410 (c) 420 (d) 430

**30.** एक आदमी पूर्व दिशा में 2 किमी चलता है और फिर वो दक्षिण दिशा की तरफ घूमकर 4 किमी चलता है फिर वह पूर्व दिशा की ओर घूमकर 1 किमी चलता है। इसके बाद वह उत्तर दिशा में 8 किमी चलता है। अब वह अपनी प्रारम्भिक स्थिति से कितनी दूर है?

(a) 3 किमी (b) 4 किमी (c) 5 किमी (d) 7 किमी

**31.** संख्या 0.01 का वर्ग ज्ञात कीजिए।

(a) 0.1 (b) 0.01 (c) 0.001 (d) 0.0001

**32.** लुप्त पद ज्ञात कीजिए।
HI : CD :: 89 : ?

(a) 34 (b) 43 (c) 45 (d) 98

**33.** साधारण गुणा के एक प्रश्न में एक बच्चे ने दोनों संख्याओं के अंकों को आपस में उलट दिया और फिर गुणन किया। यह पाया गया कि गुणनफल एकदम वही था जो मूल संख्याओं का गुणनफल होता। ये मूल संख्याएँ कौन-सी है?

(a) 14, 22 (b) 13, 62 (c) 19, 33 (d) 42, 28

**34.** संख्या '84617925' के सभी अंकों को बाईं ओर से दाईं ओर अवरोही क्रम में लगाया जाए, तो कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

(a) एक
(b) दो
(c) तीन
(d) सभी परिवर्तित हो जायेंगे (एक भी नहीं)

**35.** एक पर्वतारोही ने अपने जीवन का $\frac{1}{4}$ समय बढ़ई के रूप में, $\frac{1}{5}$ समय गायक के रूप में, $\frac{1}{3}$ प्रबन्धक के रूप में तथा 13 वर्ष बूढ़े लोगों की सेवा में बिताए। पर्वतारोही की वर्तमान आयु क्या है?

(a) 80 वर्ष (b) 70 वर्ष (c) 85 वर्ष (d) 60 वर्ष

**36.** अंकित, बलवन्त से अधिक धनी है। चेतन, अंकित से अधिक धनी है। दिनेश, चेतन से अधिक धनी है। समीर इन सबमें सबसे धनी है। इनमें से सबसे कम धन किसके पास है?

(a) बलवन्त (b) अंकित (c) दिनेश (d) चेतन

**37.** A से शुरू होकर Z तक की अंग्रेजी वर्णमाला के बाद वाले (second half) आधे अक्षरों को यदि उलटे क्रम में लिख दिया जाए, तो बाएँ से छठे अक्षर के दाएँ पड़ने वाला चौदहवाँ अक्षर होगा

(a) F (b) R (c) T (d) U

**38.** निम्न श्रेणी को पूर्ण करने हेतु दिए गए विकल्पों से अनुपस्थित शब्द का चयन करिए।
CAT, FDW, IGZ, ?

(a) KJA (b) KTC (c) LHD (d) LJC

**39.** नीचे चार शब्द दिए गए हैं। पहले और दूसरे शब्द में वही सम्बन्ध है जो तीसरे और चौथे शब्द में है। दिए गए विकल्पों में से प्रश्नवाचक चिह्न (?) को भरिए।
? : समय :: थर्मामीटर : ?

(a) घड़ी, ऊष्मा (b) सूर्य, तापमान
(c) घड़ी, तापमान (d) दिन, ऊर्जा

**40.** नीचे दिए विकल्पों में से प्रश्नवाचक चिह्न (?) को भरिए
पक्षी : मछली : : हवा : ?

(a) नौका (b) कार (c) जल (d) हवा

**41.** निम्न चार में से तीन किसी मायने में एक जैसे हैं और इस कारण से एक समूह बनाते हैं। इनमें से कौन एक विषम (बेमेल) है और समूह का भाग नहीं हो सकता?

(a) DEHG (b) RSVU (c) LMOP (d) JKNM

**42.** V, W, X, Y, Z पाँच मित्र हैं। V, X तथा Z आम पसन्द करते हैं। W, X तथा Y सेब पसन्द करते हैं। V, W तथा Z अमरूद पसन्द करते हैं। W, X तथा Z केला पसन्द करते हैं। V तथा Y सन्तरा, W, Y तथा Z चीकू पसन्द करते हैं। X कौन से फल पसन्द करता है?

(a) आम, सेब तथा केला (b) अमरूद, सन्तरा तथा केला
(c) केला, चीकू तथा सेब (d) आम, चीकू तथा अमरूद

**43.** दिए गए शब्दों में कौन-सा CORRESPONDING के अक्षरों से नहीं बनाया जा सकता?

(a) DROPERS (b) SUPERIOR
(c) GRINDER (d) DISCERN

**44.** एक पंक्ति में पाँच मकान P, B, T, D, C हैं। P, B के दाईं ओर है और T के बाईं ओर है। C, P के दाईं तरफ है। B, D के दाईं ओर है। बीच में कौन-सा मकान है?

(a) B (b) P
(c) T (d) D

**45.** एक व्यक्ति 60 मी ऊँचे खम्भे पर चढ़ रहा है। वह एक मिनट में 5 मी चढ़कर फिर 4 मी नीचे खिसक जाता है। वह कितने मिनट में खम्भे के शीर्ष को छू सकेगा?

(a) 60 (b) 59 (c) 56 (d) 55

Adda247 GET IT ON Google Play



46. प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए किस प्रकार की शिक्षा अधिक वांछनीय है?
(a) शाब्दिक
(b) चित्रीय
(c) शाब्दिक तथा चित्रीय
(d) वास्तविक जीवन के अनुभव

47. छात्र के किस व्यवहार को अधिक गम्भीर समझना चाहिए?
(a) कक्षा में शिक्षण काल में बातें करता है
(b) बहुधा अन्य छात्रों को धक्का देता है
(c) कक्षा में बहुत प्रश्न करता है
(d) अलग-अलग-सा रहता है

48. आज एक पिता की आयु उसके पुत्र की आयु से चार गुना है। दस वर्ष पहले पिता की आयु पुत्र की आयु से 14 गुना थी। यदि आज पिता-पुत्र की आयु का योग 65 है, तो पिता-पुत्र की वर्तमान आयु क्रमशः है
(a) 44 और 11
(b) 40 और 10
(c) 48 और 12
(d) 52 और 13

49. निम्न समीकरणों में से किसका परिणाम 22 होगा?
(a) 16 + 12 + 8 − 13 × 15
(b) 16 − 12 × 8 + 13 + 15
(c) 16 × 12 + 8 + 13 − 15
(d) 16 + 12 − 8 × 13 + 15

50. निम्नलिखित अक्षर क्रम में ? के स्थान पर क्या होगा?
AZB, CYD, EXF, ?, IVJ, KUL
(a) GUF (b) GWG (c) GWH (d) HWH

## खण्ड ब कला वर्ग

51. भारत का संविधान अंगीकृत हुआ
(a) 26 नवम्बर, 1949 को
(b) 15 अगस्त, 1947 को
(c) 15 अगस्त, 1950 को
(d) 26 जनवरी, 1950 को

52. निम्नलिखित में से कौन-सा आयोग एक संवैधानिक निकाय नहीं है?
(a) संघ लोक सेवा आयोग
(b) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग
(c) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
(d) भारत का निर्वाचन आयोग

53. भारत में आपातकाल की घोषणा निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में नहीं की जा सकती है?
(a) बाह्य आक्रमण
(b) वित्तीय संकट
(c) सशस्त्र विद्रोह
(d) आन्तरिक अशान्ति

54. व्यवस्थापिका के उच्च सदन के सदस्यों का कार्यकाल छः वर्ष का होता है
(a) भारत में
(b) फ्रांस
(c) भारत और फ्रांस में
(d) ब्रिटेन में

55. भारत के निर्वाचन आयोग निम्न में से किसका चुनाव सम्पादित नहीं करता है?
(a) राष्ट्रपति
(b) उपराष्ट्रपति
(c) पंचायत
(d) संसद सदस्य

56. भारतीय संविधान की उद्देशिका में इनमें से किसका उल्लेख नहीं है?
(a) सम्प्रभु
(b) संघात्मक
(c) समाजवादी
(d) गणतन्त्र

57. भारत में ई. वी. एम. का प्रयोग प्रथम बार कब हुआ?
(a) 1995
(b) 1996
(c) 1997
(d) 1998

58. शुद्ध वर्तनी वाले शब्द को पहचानिए
(a) लहुलुहान
(b) लहुलोहान
(c) लोहुलहान
(d) लहूलुहान

59. 'हिमतनया' में कौन-सा समास है?
(a) द्विगु
(b) बहुव्रीहि
(c) तत्पुरुष
(d) द्वन्द्व

60. 'आँखों का काजल चुराना' का अर्थ है
(a) काजल की सफाई से चोरी
(b) सफाई से चोरी करना
(c) काजल का व्यापार करना
(d) आँखों से प्यार का प्रस्ताव रखना

61. 'दुस्तर' शब्द का तात्पर्य है
(a) जो अच्छे स्तर का न हो
(b) जिसे भेदना कठिन हो
(c) जिसके पार जाना कठिन हो
(d) दोहरे स्तर वाला

62. तद्भव शब्द का चयन कीजिए
(a) प्रहर
(b) पक्व
(c) पहर
(d) पक्ष

63. 'ऐसा आदमी नहीं देखा।' इस वाक्य में 'ऐसा' शब्द क्या है?
(a) सर्वनाम
(b) संज्ञा
(c) अव्यय
(d) सार्वनामिक विशेषण

64. 'दान की बछिया के दाँत नहीं देखे जाते' लोकोक्ति का अर्थ है
(a) दान की बछिया सहर्ष स्वीकार करनी चाहिए
(b) मुफ्त की वस्तु के गुण-अवगुण नहीं देखे जाते
(c) दान की वस्तु का मूल्य नहीं पूछा जाता
(d) दाँत देखकर पशु की उम्र ज्ञात हो जाती है

65. 'वर्चस्व' का समानार्थी शब्द है
(a) सफलता
(b) प्राबल्य
(c) विजय
(d) अधिकार

**Direction** (Q. No. 66) *Pick the most effective word from the given words to fill in the blank to make the sentence meaningfully complete.*

66. He is too .............. to be deceived easily.
(a) strong
(b) intelligent
(c) kind
(d) honest

**Directions** (Q. Nos. 67 and 68) *In each of the following questions, choose the most suitable 'one word' for the given expressions.*

67. Large scale departure of people
(a) Immigration
(b) Migration
(c) Exodus
(d) Exile

68. A poem written on the death of someone loved and lost
(a) Epic
(b) Elegy
(c) Sonnet
(d) Ode

Adda247
GET IT ON Google Play



**Directions** (Q. Nos. 69 and 70) *In the following questions, choose the word opposite in meaning to the given word*

**69.** COMIC
(a) Awesome
(b) Painful
(c) Tragic
(d) Fearful

**70.** SUBJUGATE
(a) Liberate
(b) Invade
(c) Emerge
(d) Enslave

**Directions** (Q. Nos. 71 and 72) *In the following questions, out of the given alternatives, choose the one which best expresses the meaning of the given word.*

**71.** HIATUS
(a) Narrow (b) High (c) Gap (d) Long

**72.** UNCANNY
(a) Clever
(b) Ugly
(c) Strange
(d) Ambiguous

**73.** 'इतिहास के जनक' के रूप में कौन जाना जाता है?
(a) कल्हण
(b) हेरोडोटस
(c) जस्टिन
(d) हाल

**74.** बिम्बिसार के राजकीय वैद्य का क्या नाम था?
(a) जीवक
(b) चरक
(c) सुश्रुत
(d) धनालस्वामिन

**75.** किस गुप्त राजा ने अश्वमेध का सम्पादन किया था?
(a) चन्द्रगुप्त प्रथम
(b) समुद्रगुप्त
(c) स्कन्दगुप्त
(d) नरसिंहगुप्त

**76.** शतपथ-ब्राह्मण का सम्बन्ध किस वेद से है?
(a) ऋग्वेद
(b) सामवेद
(c) यजुर्वेद
(d) अथर्ववेद

**77.** कौन-सा हड़प्पाई स्थल अपने गोदीबाड़े के लिए प्रसिद्ध है?
(a) मोहनजोदड़ो
(b) हड़प्पा
(c) लोथल
(d) कालीबंगा

**78.** सुवर्ण नामक भारतीय स्वर्ण मुद्रा का क्या भार था?
(a) 20 रत्ती
(b) 32 रत्ती
(c) 80 रत्ती
(d) 100 रत्ती

**79.** शेरशाह द्वारा चलाई गई चाँदी की मुद्रा जिसको मुगलों ने भी आगे बढ़ाया, क्या कहलाता है?
(a) रुपया
(b) दीनार
(c) अशर्फी
(d) मुहर

**80.** भारत के निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसमें मैंग्रोव, सदापर्णी और पर्णपाती वनों का संयोजन है?
(a) उत्तर तटीय आन्ध्र प्रदेश
(b) दक्षिण-पश्चिम बंगाल
(c) दक्षिण सौराष्ट्र
(d) अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह

**81.** निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध प्लेट विवर्तनिकी से नहीं है?
(a) भूकम्प
(b) ज्वालामुखी
(c) वलित पर्वत
(d) महासागरीय धाराओं की दिशा

**82.** निम्नलिखित में से कौन-सा सतपुड़ा श्रेणी की सबसे ऊँची चोटी है?
(a) गुरु शिखर
(b) धूपगढ़
(c) मलयगिरि
(d) महेन्द्र गिरि

**83.** निम्नलिखित में से कौन-सी चट्टानें प्राथमिक चट्टानें हैं?
(a) अवसादी
(b) कायान्तरित
(c) आग्नेय
(d) सरोवरी

**84.** भूकम्प रचित वृहत् ज्वारीय लहर को कहते हैं
(a) ज्वारीय लहर
(b) प्रवाह
(c) विशाल लहर
(d) सुनामी

**85.** किस पवन तन्त्र के अन्तर्गत पवन की दिशा प्रतिदिन परिवर्तित होती है?
(a) व्यापारिक पवनें
(b) मानसून पवन
(c) इनमें से कोई नहीं
(d) जल स्थल समीर

**86.** निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?
(a) कन्याकुमारी – तमिलनाडु
(b) ऊटी – कर्नाटक
(c) काजीरंगा – असम
(d) सिमलीपाल – ओडिशा

**87.** इड, अहम, पराअहम का प्रयोग करने वाले का नाम है
(a) मीड
(b) फायड
(c) हार्टन एवं हण्ट
(d) कूले

**88.** जनांकिकी का जनक कौन है?
(a) माल्थस
(b) निमकॉफ
(c) गोल्डन
(d) ग्रुआण्ट

**89.** ज्ञान मीमांसा क्या है?
(a) क्षेत्रीय कार्य
(b) सर्वे कार्य
(c) ज्ञान का स्रोत
(d) क्रिया पद्धति

**90.** पंचायती राज व्यवस्था क्या है?
(a) लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण
(b) संघीय संरचना
(c) केन्द्रीय संरचना
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**91.** "समाज एक अद्वितीय वास्तविकता है।" यह किसका कथन है?
(a) मैक्स वेबर
(b) एमील दुर्खीम
(c) अगस्त काम्ट
(d) सेन्ट साइमन

**92.** उपभोग की सीमान्त प्रवृत्ति, किसके बीच में स्थित होती है?
(a) 0 से 1
(b) 0 से ∞
(c) 1 से ∞
(d) ∞ से ∞

**93.** निम्नलिखित में से कौन-सा संस्कृतिकरण के बारे में सही नहीं है?
(a) पद में परिवर्तन
(b) सामूहिक प्रक्रिया
(c) ऊर्ध्वगामी गतिशीलता
(d) व्यक्तिगत प्रक्रिया

**94.** स्तरीकरण का आधार क्या है?
(a) सामाजिक सहयोग
(b) सामाजिक पारस्परिकता
(c) सामाजिक असमानता
(d) सामाजिक प्रतिस्पर्धा

**95.** यदि उपभोक्ता की आय में 50% की वृद्धि होती है और दूध की माँग में 25% की वृद्धि होती है, ऐसे में दूध की माँग की आय लोच कितनी होगी?
(a) 0.5 (b) 1.0 (c) 1.5 (d) 2.0

Adda247 GET IT ON Google Play



**96.** **ब्याज के ऋणयोग्य धनराशि के अनुसार ब्याज दरों में वृद्धि के साथ ऋणयोग्य धनराशि की माँग**
(a) कम होगी
(b) बढ़ेगी
(c) नहीं बदलेगी
(d) निर्धारित करना मुश्किल है

**97.** **उन वस्तुओं को क्या कहा जाता है, जिनकी माँग उपभोक्ता की आय बढ़ने के कारण बढ़ती है?**
(a) स्थानापन्न वस्तुएँ
(b) पूरक वस्तुएँ
(c) घटिया वस्तुएँ
(d) सामान्य वस्तुएँ

**98.** **उपभोक्ता अधिशेष किसे सन्दर्भित करता है?**
(a) उपभोक्ता जिसका भुगतान करने को तैयार है और वह वास्तव में कितना भुगतान करता है, इसके बीच का अन्तर है
(b) राशि जिसका भुगतान वास्तव में उपभोक्ता करता है
(c) वस्तु की कीमत तथा वस्तु की लागत का अन्तर
(d) कुल उपयोगिता तथा सीमान्त उपयोगिता के बीच का अन्तर

**99.** **किंकड़ माँग वक्र की एक विशेषता है**
(a) एकाधिकार
(b) अल्पाधिकार
(c) एक क्रेताधिकार
(d) द्वयधिकार

**100.** **राष्ट्रीय आय को और किस रूप में कहा जाता है?**
(a) कारक लागत पर जी. एन. पी.
(b) बाजार मूल्य पर जी. एन. पी.
(c) कारक लागत पर एन. एन. पी.
(d) बाजार मूल्य पर एन. एन. पी.

## उत्तरमाला

### प्रथम प्रश्न-पत्र

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (b) | 2 | (c) | 3 | (a) | 4 | (b) | 5 | (b) | 6 | (d) | 7 | (a) | 8 | (a) | 9 | (a) | 10 | (d) |
| 11 | (a) | 12 | (a) | 13 | (b) | 14 | (c) | 15 | (a) | 16 | (b) | 17 | (c) | 18 | (d) | 19 | (d) | 20 | (a) |
| 21 | (a) | 22 | (c) | 23 | (d) | 24 | (a) | 25 | (b) | 26 | (d) | 27 | (b) | 28 | (b) | 29 | (b) | 30 | (a) |
| 31 | (c) | 32 | (d) | 33 | (d) | 34 | (d) | 35 | (d) | 36 | (c) | 37 | (a) | 38 | (c) | 39 | (c) | 40 | (a) |
| 41 | (c) | 42 | (d) | 43 | (b) | 44 | (c) | 45 | (d) | 46 | (c) | 47 | (a) | 48 | (b) | 49 | (d) | 50 | (a) |
| 51 | (a) | 52 | (d) | 53 | (b) | 54 | (a) | 55 | (b) | 56 | (a) | 57 | (c) | 58 | (a) | 59 | (d) | 60 | (c) |
| 61 | (a) | 62 | (d) | 63 | (c) | 64 | (c) | 65 | (a) | 66 | (a) | 67 | (d) | 68 | (d) | 69 | (c) | 70 | (b) |
| 71 | (d) | 72 | (b) | 73 | (a) | 74 | (d) | 75 | (b) | 76 | (d) | 77 | (a) | 78 | (c) | 79 | (c) | 80 | (d) |
| 81 | (c) | 82 | (a) | 83 | (d) | 84 | (c) | 85 | (a) | 86 | (d) | 87 | (a) | 88 | (a) | 89 | (c) | 90 | (a) |
| 91 | (c) | 92 | (c) | 93 | (a) | 94 | (c) | 95 | (c) | 96 | (a) | 97 | (d) | 98 | (c) | 99 | (a) | 100 | (a) |

### द्वितीय प्रश्न-पत्र

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (a) | 2 | (a) | 3 | (c) | 4 | (d) | 5 | (d) | 6 | (d) | 7 | (c) | 8 | (c) | 9 | (c) | 10 | (b) |
| 11 | (b) | 12 | (c) | 13 | (b) | 14 | (b) | 15 | (c) | 16 | (d) | 17 | (b) | 18 | (a) | 19 | (a) | 20 | (c) |
| 21 | (b) | 22 | (d) | 23 | (d) | 24 | (b) | 25 | (a) | 26 | (a) | 27 | (a) | 28 | (c) | 29 | (a) | 30 | (c) |
| 31 | (d) | 32 | (a) | 33 | (b) | 34 | (a) | 35 | (d) | 36 | (a) | 37 | (c) | 38 | (d) | 39 | (c) | 40 | (c) |
| 41 | (c) | 42 | (a) | 43 | (b) | 44 | (b) | 45 | (c) | 46 | (c) | 47 | (d) | 48 | (d) | 49 | (c) | 50 | (c) |
| 51 | (a) | 52 | (b) | 53 | (a) | 54 | (c) | 55 | (c) | 56 | (b) | 57 | (d) | 58 | (d) | 59 | (b) | 60 | (b) |
| 61 | (c) | 62 | (c) | 63 | (d) | 64 | (b) | 65 | (b) | 66 | (b) | 67 | (c) | 68 | (b) | 69 | (c) | 70 | (a) |
| 71 | (c) | 72 | (c) | 73 | (b) | 74 | (a) | 75 | (b) | 76 | (c) | 77 | (c) | 78 | (c) | 79 | (a) | 80 | (d) |
| 81 | (d) | 82 | (b) | 83 | (c) | 84 | (d) | 85 | (d) | 86 | (b) | 87 | (b) | 88 | (d) | 89 | (c) | 90 | (a) |
| 91 | (b) | 92 | (a) | 93 | (d) | 94 | (c) | 95 | (a) | 96 | (a) | 97 | (d) | 98 | (a) | 99 | (b) | 100 | (c) |